हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 जनवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- केंद्र सरकार कल नई दिल्ली में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम की 10वीं वर्षगांठ मनाएगी।
- हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि जनता को परेशान करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अवश्य होगी।

- हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा है कि वीटा दूध संयंत्रों को और मजबूत कर उत्पादन बढ़ाया जायेगा।

- पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर 29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

- मौसम विभाग ने आज कल चंडीगढ़ और हरियाणा में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है।

**********

केंद्र सरकार कल नई दिल्ली में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाएगी, जो बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों का एक दशक पूरा होने का प्रतीक है।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ” कार्यक्रम को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से लिंगानुपात में सुधार लाने के

उद्देश्य से हरियाणा से लागू किया गया था । इस कार्यक्रम का शुभारंभ 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत से किया था ।

***********

सरकार ने कहा है कि देश भर में चार करोड से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं। यह योजना बेटी बचाओ बेटी प□ाओ के अंतर्गत 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई है। इस योजना के अनुसार माता-पिता किसी निर्धारित वाणज्यिक बैंक की शाखा में या किसी डाकघर में कन्याओं के नाम पर एक सुकन्या समृद्धि खाता दो सौ 50 रुपये के जमा के साथ खोल सकते हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार इस योजना पर फिलहाल आठ दशमलव दो प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जा रहा है।

***********

इस वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का शानदार प्रदर्शन होगा। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियान्तो इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ-साथ इंडोनेशिया का 160 सदस्यों का मार्चिंग दस्ता और 190 सदस्यों का बैंड दस्ता भी भाग लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वर्णिम भारत - विरासत और विकास विषय पर केंद्रित विभिन्न राज्यो, केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों की 31 झांकियां भी कर्तव्य पथ पर निकलेंगी। परेड में शामिल दो झांकियों में संविधान के 75 वर्षों की गाथा को प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर 34 श्रेणियों के लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को राष्ट्र और समाज के निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। जिनमें ग्राम पंचायतों के वे सरपंच भी शामिल हैं जो प्रमुख सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं।

***********

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि जनता को परेशान करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

वे आज चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को 4 राशन डिपुओं की जिम्मेवारी लेने और कोई कमी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि राशन डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का टेंडर हो चुका है जल्द ही कैमरे लग जायेगें।सरकार द्वारा भ्रष्ट पटवारियों की सूची तैयार करने बारे सवाल पर उन्होंने कहा -

भ्रष्ट पटवारियों की सूची सार्वजनिक होने के बाद पटवार-कानूनगो एसोसिएशन की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा -

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पर लगे आरोपों पर उन्होंने कहा कि यह आरोप राजनीतिक कारणों से लगे है। थोड़े दिन में सारी बातें स्पष्ट हो जायेगी।

******

हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा है कि वीटा दूध संयंत्रों को और मजबूत बनाया जाएगा।
डेयरी संघ की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि -

उन्होंने कहा कि वीटा संयंत्रों को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी से चर्चा की जाएगी।
मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 38वें सूरजकुंड मेले की तैयारी जोरों पर चल रही है, जो 7 से 13 फरवरी के दौरान आयोजित किया जाएगा। इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत करेंगे, और मुख्यमंत्री नायब सैनी भी इसमें शामिल होंगे।

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

कुरुक्षेत्र जिले में पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर 29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह ने आज पिहोवा में जमीनी स्तर पर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मीडिया से सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा -

उपायुक्त ने कहा कि इस महोत्सव में हरियाणा की संस्कृति और शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।उन्होंने तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उनके साथ हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने भी प्रशासनिक अधिकारियों से समय रहते तमाम व्यवस्थाओं के दुरुस्त करने और तीर्थ स्थल को पूर्णतया स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए।महिला घाट की तरफ खिड़कियों के साथ निर्माण कार्य की शिकायत मिलने पर उपायुक्त ने नगरपालिका के अधिकारियों को इस निर्माण कार्य की जांच कर तुरंत रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के लिए पलवल डिपो से हरियाणा रोडवेज की बस सेवा शुरू की गई है।

महा कुंभ

हरियाणा राज्य परिवहन विभाग पलवल के अधीक्षक परमानंद ने बताया कि खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम के दिशा निर्देशानुसार यह बस सेवा शुरू की गई है। बस प्रतिदिन पलवल बस डिपो से सुबह 8 बजे प्रयागराज के लिए रवाना होगी और

अगले दिन सुबह 8 बजे प्रयागराज से वापिस आएगी। बस यात्री से पलवल से प्रयागराज तक का किराया 890 रुपए लिया जाएगा।यह विशेष बस सेवा 29 फरवरी तक जारी रहेगी।

***********

मौसम विभाग ने कल चंडीगढ़ और हरियाणा में गरज चमक और तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान लगाया है, जबकि परसों केवल चंडीगढ़ और उत्तरी हरियाणा में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है।विभाग ने कहा है कि कल और परसों कहीं कहीं हल्की से मध्यम धुंध भी पड़ेगी।हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक मदनलाल खीचड़ ने कहा है कि कल व परसों पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में कहीं बूंदाबांदी व कहीं बारिश हो सकती है।

उन्होंने कहा कि 24 जनवरी के बाद मौसम आमतौर पर शुष्क हो जाएगा और तापमान में फिर से गिरावट देखने को मिलेगी।